आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 13.11.2026 समय: 18.30 पीएम

- राजस्थान पंचायत चुनाव-2026 में चैथे चरण का मतदान कल-करीब एक करोड़ 59 लाख मतदाता 8 हजार 800 से अधिक उम्मीदवारों की हार-जीत का फैसला करेगें।
- राज्य सरकार का अगले साल की पहली तिमाही तक सभी ज़िलों में किसानों को दिन में बिजली देने का लक्ष्य।
- प्रदेश के कुछ भागों में कल से मौसम में बदलाव की संभावना- जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश के आसार।
- और
- भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले की आज से नई दिल्ली में शुरूआत -राजस्थान सहभागी राज्यों में शामिल।

000

राजस्थान पंचायत चुनाव-2026 के तहत कल चैथे चरण में 25 जिलों की जिला परिषद् और 116 पंचायत समितियों के लिए मतदान होगा। इस चरण में जिला परिषद् के 382 वा□र्डों में 1 हजार 322 प्रत्याशी और पंचायत समितियों के 2 हजार 142 वा□र्डों में 7 हजार 521 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक करोड़ 5 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 8 हजार 843 उम्मीदवारों के राजनैतिक भाग्य का फैसला करेगें। चैथे चरण में कई सीटों पर राजनैतिक दलों के साथ ही दिग्गज नेताओं के परिवारों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। श्रीगंगानगर ज़िला उम्मीदवारों की संख्या के लिहाज से सबसे आगे है। यहां जिला परिषद् के 30 वा□र्डों में 101 प्रत्याशी चुनावी रण में हैं। वहीं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में भी जिले में सबसे ज्यादा 553 उम्मीदवार अपनी किस्मत आज़मा रहे हैं। उधर हनुमानगढ़ अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीणा ने बताया कि कल होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संवेदनशील बूथों परअतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने चुनाव प्रबन्धन का जायजा लेने के लिए आज भरतपुर सहित कई मतदान केन्द्रों का दौरा किया। मीडि□या से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस दौरान रेण्डमाइजेशन, मतदान दलों के गठन, आवास-प्रवास और मतगणना तैयारियों की समीक्षा की गई।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राज्य में कम बारिश वाले जिलों में राहत कार्यों को लेकर आपदा प्रबन्धन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सूखे की आपदा से प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशासन को पूरी मुस्तैदी से

काम करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने संबंधित विभागां और जिला कलेक्टरों को जरूरतमंदो तक तुरन्त सहायत मुहैया कराने की बात कही। बैठक में श्री शर्मा ने आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की कार्य योजना पर विस्तार से मंथन किया। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में राजीविका और □ेयरी विकास को लेकर भी बैठक की। उन्होंने कहा कि □ेयरी सेक्टर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोज़गार देने वाला है। उन्होंने अधिकारियों को राजीविका के अगले राष्ट्रीय मेले में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को जोड़ने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि है उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति करना सरकार की प्राथमिकता है। श्री नागर ने आज जयपुर में ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों और नई परियोजनाओं को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि सरकार 28 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दे रही हैं। साथ ही अगले साल की पहली तिमाही तक बाकी बचे जिलों में भी किसानों के लिए दिन में बिजली आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कोटा में प्रसूता की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए आज जयपुर में विभागीय अधिकारियों की बैठक कर मामले की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने घटना को दुःखद बताते हुए अधिकारियों को पूरे मामले की चिकित्सीय पहलुओं की गहन समीक्षा करने के निर्देश दिए। श्री खींवसर ने आरसीएच निदेशक □ॉ. रोमेल सिंह को कोटा जाकर संभाग में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तथा रैफरल व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सेतु रैफरल सिस्टम को प्रभावी बनाने की बात कही। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में गर्भवती महिलाओं को समय पर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, जिससे आपात परिस्थितियों में ईलाज में किसी तरह की देरी नहीं हो। बैठक में प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने मुलाकात कर दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। लोकभवन में हुई इस भेंट में न्यायाधिपति प्रमिल कुमार माथुर सहित अन्य विशिष्टजन शामिल रहे। इधर दीपोत्सव के बाद प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर दीवाली स्नेह-मिलन के आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जयपुर में आरएसी की 5वीं बटालियन की ओर से स्नेह-मिलन समारोह रखा गया, जिसमें ए.□ी.जी.पी. रूपिंदर सिंह ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण काम और अनुशासन के बीच जवानों के लिए आपसी मेल-मिलाप जरूरी है। उत्सव के ये पावन पल उन्हें ऊर्जावान और सकारात्मक बनाते हैं।

000

प्रदेश के कुछ भागों में कल से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। 15 नवम्बर को बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग के उत्तरी भागों तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भी हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद प्रदेश में दिन और रात के तापमान में 2 से 4 □ग्री तक की गिरावट होने के आसार हैं, जिससे सर्दी की रंगत थोड़ा जोर पकड़ सकती है।

000

जयपुर में आज एक बेकाबू ट्रोले ने एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं ट्रोला चालक सहित तीन लोग घायल हो गये। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरन ने बताया कि हादसा मुरलीपुरा इलाके में अनाज मण्डी के पास हुआ। प्रारम्भिक जांच में घटना का कारण ट्रोले की तेज रफ्तार होना सामने आया है। उधर जालौर जिले में आज कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक दम्पत्ति की मृत्यु हो गई। मोटरसाइकिल सवार ये पति-पत्नी पाली के दुजाना गांव से नौहर जा रहे थे कि आहोर में हादसे का शिकार हो गये और उन्होंने दुर्घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया।

000

45वां इण्डिया इन्टरनेशनल टे□ फेयर आज से नई दिल्ली के भारत मण्डपम में शुरू हुआ। इस बार भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले की थीम विकास और विरासत रखी गई है। इस मेले में कल से 18 नवंबर तक व्यापारिक गतिविधियों के लिए विशेष दिन निर्धारित किए गए हैं। इसके बाद 19 से 27 नवंबर तक यह मेला आम लोगों के लिए खुला रहेगा। राजस्थान इस बार मेले के सहभागी राज्यों में शामिल है। राजस्थान मण्डप के निदेशक हर्ष शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े राजीविका उद्यमियों की ओर से 45 स्टॉल्स लगाई गई हैं, इनमें जयपुरी रजाइयों, लाख की चूड़ियों, मोज□यों और टैक्सटाइल के सामान सहित कई उत्पाद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में निवेश और कारोबारी अवसरों की जानकारी देने के लिए बिजनिस इन्फ्रॉर्मेशन सेंटर भी बनाया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करना कभी भी लोगों की आर्थिक क्षमता पर निर्भर नहीं होना चाहिए। श्री मोदी ने ये बात सोशल मी□या पोस्ट में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा का लेख साझा करते हुए कही। इस लेख में कैंसर के सस्ते और सुलभ इलाज के लिए सरकार के प्रयासों को दर्शाया गया है। वहीं कर्नाटक में विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए श्री मोदी ने कहा कि पारम्परिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद की लोकप्रियता विश्व में बढ़ी है। दुनिया के अलग-अलग देशों ने □□ सौ से ज्यादा आयुर्वेद प्रशिक्षण कोर्सेज को मान्यता दी है।

000

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज से शुरू हुआ। चार दिन चलने इस पर्व की शुरूआत आज पहले दिन नहाय-खाय के अनुष्ठान के साथ हुई। इसमें व्रती शुद्धता

और विधि-विधान से तैयार किया गया सात्विक भोजन सबसे पहले छठी मइया को अर्पित करते हैं, उसके बाद प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। श्रद्धालु कल भी पूरे दिन उपवास रखेगें। उसके बाद शाम को भोजन करेगें। वहीं रविवार को अस्ताचलगामी यानि डूबते सूरज को अघ्र्य दिया जाएगा। पर्व का समापन 16 नवम्बर को उगते सूरज को अघ्र्य देकर होगा।

000

भीलवाड़ा में आज तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण करने की शपथ दिलवाई। साथ ही अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

000